




## एक नजर में



### भाई दूज पर की भगवान चित्रगुप्त की महाआरती

**उज्जैन।** अंकपात स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में यम द्वितीया के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त का 5 पवित्र नदियों के जल से जलाभिषेक कर स्नान करवाया गया। नवीन वस्त्र धारण किये वहीं शाम को महाआरती की गई। मंदिर के समीन ही यम तलैया में दीपदान किया गया। मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव के अनुसार चित्रगुप्त मंदिर सामाजिक न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, भरत सक्सेना, ब्रजेश श्रीवास्तव, प्रबंध न्यासी दिनेश श्रीवास्तव द्वारा भगवान चित्रगुप्त की महाआरती की गई। इस दौरान गणेश गौड़, युधिष्ठिर कुलश्रेष्ठ, गोपालकृष्ण निगम, अनुभव प्रधान, सुमेध भटनागर, प्रवीण श्रीवास्तव, प्रो. विष्णु नारायण सक्सेना, दीपक सक्सेना, बाबूलाल श्रीवास्तव, ऋषभ श्रीवास्तव, गिरिजाशंकर श्रीवास्तव, सीए अनुभव प्रधान, देवेंद्र श्रीवास्तव, नयनदीप कुलश्रेष्ठ, ब्रजेश श्रीवास्तव, प्रियांश श्रीवास्तव, शिव श्रीवास्तव, पल्लवी श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, सपना सक्सेना, पिंकी निगम, श्वेता श्रीवास्तव, प्रियंका भटनागर, अंजना निगम, पायल सक्सेना, छवि सक्सेना, ज्योति सक्सेना, रजनी कुलश्रेष्ठ सहित बड़ी संख्या में समाजजनों की मौजूदगी में भगवान चित्रगुप्त की महाआरती संपन्न हुई। मंगेश श्रीवास्तव के अनुसार भगवान चित्रगुप्त कायस्थ समाज के आराध्य देव हैं और उनकी पूजा भाई दूज के अवसर पर की जाती है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। साथ ही, भगवान चित्रगुप्त की पूजा से बुद्धि, विद्या और लेखन में उन्नति होती है।



### नागर ब्राह्मण समाज का अन्नकूट 26 को

**उज्जैन।** नागर ब्राह्मण हाटकेश्वर मंदिर न्यास (हरसिद्धि पाल) के तत्वावधान में एवं अन्नकूट महोत्सव समिति के सहयोग से श्री हाटकेश्वर धाम में 14वां अन्नकूट महोत्सव 56 भोग अर्पण कार्यक्रम 26 अक्टूबर रविवार को होगा। कार्यक्रम के संयोजक श्री हाटकेश्वर धाम मित्र मंडली के सदस्य विशाल मंडलोई ने बताया कि प्रातः सर्वप्रथम पाताल लोक के अधिपति इष्टदेव श्री हाटकेश्वर महादेव का अभिषेक पूजन होगा। पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे संतश्री पं. श्री प्रभुजी महाराज के सानिध्य में दीप प्रज्जवलन पश्चात महाआरती एवं महाप्रसादी के साथ किया जावेगा। कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने हेतु प्रति स्वजन परिवार द्वारा ईष्टदेव को अपनी ओर से भोग प्रसादी अर्पण करने हेतु अन्नकूट महोत्सव समिति श्री हाटकेश्वर धाम, श्री हाटकेश्वर धाम मित्र मंडली, श्री हाटकेश्वर देवालय न्यास बम्बाखाना एवं मारुतिगंज मप्र नागर परिषद उज्जैन शाखा मप्र. नागर महिला परिषद एवं मप्र युवा परिषद मप्र प्रतिभाशाली छात्र प्रोत्साहन समिति एवं नागर समाज उज्जैन ने स्वजनों से निवेदन किया है कि इस कार्यक्रम में सपरिवार समय पर पधार कर 56 भोग दर्शन महाआरती एवं महाप्रसादी का लाभ लेने हेतु कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है।

### आज़ मंडी मे शुभ मुहर्त में होगी नीलामी

**उज्जैन।** कृषि उपज मंडी मे 6 दिन के अवकाश के बाद शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में नीलामी होने जा रही है इसके पूर्व व्यापारी संघ द्वारा गणेश जी के मंदिर पर महा आरती का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम संयोजक अनिल गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड दिल्ली के अध्यक्ष सुनील सिघी होंगे। अतिथि के रूप में राज्यसभा सदस्य उमेश नाथजी महाराज, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, सतीश मालवीय, नारायण यादव, संजय अग्रवाल, रामलाल मालवीय, जगदीश पांचाल, रवि सोलंकी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल करेंगे। कार्यक्रम में शुभ मुहूर्त नीलामी के लिए उपस्थित सोयाबीन से भरी बैलगाड़ियों की लॉटरी सिस्टम से नाम खोलकर प्रथम नीलामी की जाएगी। इसी तरह गेहूं, चने की नीलामी भी होगी। बता दे उज्जैन की कृषि उपज मंडी, प्रदेश में पहली मंडी है जहां पर मुहर्त नीलामी में किसानों को उपज के सर्वाधिक भाव मिलते हैं।

### तंबाकू नियंत्रण : जिले में होंगे कई कार्यक्रम

**उज्जैन।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025 में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का आयोजन 60 दिवस तक किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता, क्षमता निर्माण, नशा मुक्ति जैसे विभिन्न कार्यमों का आयोजन जिले में किये जा रहे है। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यम के अंतर्गत भारत में तम्बाकू का उपयोग अत्यधिक बीमारियों और मौतों का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। परिणाम स्वरूप प्रति वर्ष लाखों मौतें हो रही है। इसी दृष्टि से प्रदेश में ग्लोबल एडल्ट टोबेको सर्वे 2019 के अनुसार भारत में 13 से 15 वर्ष की आयु के 8.5 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 3.9 प्रतिशत (4.4 प्रतिशत बालक एवं 3.5 प्रतिशत बालिका) विद्यार्थी तम्बाकू का उपयोग करते है, जो कैंसर, हृदय संबंधी बीमारियों, मधुमेह, दीर्घकालिक फेफड़ों की बीमारी, स्ट्रोक, बांझपन, अंधापन, तपेदिक और मुख संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के लिए एक प्रमुख कारण हैं।

### दीपावली मिलन समारोह 26 अक्टूबर को

**उज्जैन।** देवास रोड स्थित पुलिस सामुदायिक भवन में पुलिस पेंशनर संघ के द्वारा अन्नकूट एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। पुलिस पेंशनर संघ के अध्यक्ष प्रमोद सिंह भदौरिया एवं प्रांतीयमीडिया प्रभारी अखिलेश तिवारी ने बताया कि 26 अक्टूबर रविवार को पुलिस पेंशनर संघ अन्नकूट एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन करेगी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस पेंशनर संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार एवं प्रांतीय कार्यकारिणी अध्यक्ष एसपीएस चौहान और उज्जैन तथा इंदौर संभाग के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष प्रांतीय संगठन के पदाधिकारी गन, उज्जैन जिले के सेवानिवृत्त सभी राजपत्रित अधिकारी उपस्थित होंगे।

### विधिक सेवा प्राधिकरण में साक्षात्कार कल

**उज्जैन।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की पैरालीगल वालेंटियर्स योजना के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश के अनुमोदन अनुसार वर्ष 2025-26 के लिए इम्पैनल्ड के संबंध में अद्यतन अंतिम सूची के आवेदकों का व्यक्तिगत साक्षात्कार एडीआर सेंटर भवन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर उज्जैन में 25 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 02 बजे तक और दोपहर 2.45 से साक्षात्कार समाप्त होने तक होगा। इस आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायाधीश, सचिव मनोज कुमार भाटी ने दी।

### मालवी कवि आकाशवाणी से करेंगे काव्य पाठ

**उज्जैन।** नगर के ख्यात मालवी साहित्यकार और मालवी कवियों की रचनाओं का प्रसारण आकाशवाणी के इंदौर केंद्र से होगा। यह प्रसारण आज 24 अक्टूबर को प्रातः 10:30 पर होगा। जिसमें उज्जैन के मालवी कवियों के गीत और कविताएं आकाशवाणी से प्रसारित होंगी। जिन मालवी कवियों की रचनाएं प्रसारित होंगी। उनमें मालवी के वरिष्ठ कवि डॉ. शिव चौरसिया, डॉ. राजेश रावल सुशील, विक्रम विवेक और सीमा देवेन्द्र अपने गीत एवं कविताओं का पाठ करेंगे। कार्यक्रम आकाशवाणी के प्रसार भारती एप इन्दौर पर सुना जा सकेगा।

# जीवंत हो उठेंगे महाकवि के श्लोक, जब उज्जैन में बनेगा कालिदास लोक

## ग्रंथ रचयिता साहित्यकार कलाकार देंगे पत्र तो संज्ञान लेगी सरकार, महाकाल लोक की तर्ज पर कालिदास लोक बनाने की दरकार


**महाकवि कालिदास की रचनाएं होंगी जीवंत**

**30 अक्टूम्बर से 7 नवंबर तक होगा आयोजन**

**उज्जैन। कल्पना कीजिए यदि महाकाल लोक की तर्ज पर कालिदास लोक निर्मित किया जाता है तो न सिर्फ महाकवि के श्लोक जीवंत होंगे बल्कि देश और दुनिया कालिदास को करीब से जान सकेगी। 67वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह में ये मांग उठेगी।**

उज्जैन में धर्म और संस्कृति की नगरी उज्जैन इस बार महाकवि कालिदास को चिरस्थायी सम्मान देने की एक बड़ी पहल का साक्षी बनने जा रहा है। महाकाल महालोक की ऐतिहासिक सफलता के बाद अब उज्जैन में कालिदास लोक बनाने की मांग जोर-शोर से उठाई जाएगी, जिससे महाकवि की अमर रचनाएं भविष्य की पीढ़ी के लिए जीवंत हो सकें।




इसी दिन शाम को रत्नागिरी, महाराष्ट्र के युवा कलाकार आधुनिक वाद्य यंत्रों पर आकर्षक धुनों के साथ संस्कृत गीतों का संस्कृत ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुत करेंगे। यह इस समारोह का एक बड़ा नवाचार है। उद्घाटन 1 नवंबर 2025 को प्रातः 10 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समारोह का विधिवत उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी करेंगे, जबकि जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेशप्रपन्नाचार्य महाराज सारस्वत अतिथि होंगे। वहीं समापन 7 नवंबर 2025 को समारोह का समापन एवं पुरस्कार वितरण प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

समारोह के दौरान 2, 3 और 4 नवंबर को कालिदास साहित्य में स्व-बोध विमर्श विषय पर तीन दिवसीय शोध संगोष्ठी का आयोजन होगा। इसके अलावा, व्याख्यान माला में तीन महत्वपूर्ण विषयों पर विद्वानों का उद्बोधन होगा।संस्कृति चिन्तक कालिदास (प्रो. प्रगाग नारायण मिश्र, प्रयागराज) कालिदास का परिवार चिन्तन (प्रो. राजेश्वर मिश्र, कुरुक्षेत्र) कालिदास का स्वात्म गौरव (प्रो. सनन्दन त्रिपाठी, नईदिल्ली) नवंबर को ऑपरेशन सिंदुर के आलोक में कालिदास विषय पर कविसमवाय आयोजित होगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां (कलाकारों का महासंगम) समारोह में देश भर के विख्यात कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।शास्त्रीय संगीत राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायिका सूर्यागायत्री (केरल) भक्ति संगीत, जबकि अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रीय गायक महेश काळे अपनी प्रस्तुति देंगे।

सुश्री अनन्या गौड (बैंगलोर) द्वारा शास्त्रीय नृत्य कथक, सुश्री अमिता खरे (भोपाल) द्वारा शाकुंतला एवं उज्जैन के कलाकारों द्वारा ऋतुसंहार नृत्य नाटिका की प्रस्तुति होगी। नाट्य प्रस्तुति में संस्कृत नाटक शिवभाणकम (कोलकाता) और हिंदी नाटक श्रीकृष्ण उज्जैनी (उज्जैन) का मंचन होगा। 6 नवंबर को शास्त्रीय वादन (पंचनाद और वायोलिन), क्षेत्रीय बोली-भाषा का कवि सम्मेलन और 7 नवंबर को लोकगायन की प्रस्तुति होगी।

### 30 से 7 नवंबर तक समारोह-नए आयाम मिलेंगे- सांस्कृतिक महाकुंभ

कालिदास संस्कृत अकादमी द्वारा 30 अक्टूबर से 7 नवंबर 2025 तक आयोजित होने वाले 67वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह में देश भर के ग्रंथ रचयिता, साहित्यकार और कलाकार एकजुट होकर प्रदेश सरकार से महाकाल लोक की तर्ज़ पर इस भव्य कालिदास लोक के निर्माण की मांग करेंगे। यह प्रस्तावित कालिदास लोक केवल एक स्मारक नहीं होगा, बल्कि यह महाकवि कालिदास की विश्व प्रसिद्ध रचना मेघदूत, अभिज्ञानशाकुंतलम और रघुवंशम को कलात्मक भित्ति चित्रों, मूर्तियों और आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत करेगा। इस लोक के निर्माण से उज्जैन की सांस्कृतिक पहचान को एक नया आयाम मिलेगा और यह महाकाल लोक के साथ मिलकर देश के सबसे बड़े सांस्कृतिक तीर्थस्थलों में से एक बन जाएगा। कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने इस संबंध में नवभारत को जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कालिदास समारोह में अनेक नवाचार (नए प्रयोग) देखने को मिलेंगे, जिनमें युवाओं की सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया गया है। देवप्रबोधनी एकादशी (01 नवम्बर) से पूर्व 30-31 अक्टूबर को पूर्वरंग सम्पन्न होगा। 30 अक्टूबर को मां गढ़कालिका पर शहर के विद्यालय, महाविद्यालय और गुरुकुल के 1100 छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से श्यामलादंडकम् एवं देवी स्तुति की प्रस्तुति दी जाएगी। 31 अक्टूबर को रामघाट पर तीर्थ पूजन और महाकाल के आशीर्वाद के बाद कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें छत्तीसगढ़ का पंथी नृत्य, नासिक के ढोल-ताशे, पुलिस बैंड और विभिन्न लोक कलाकारों के समूह आकर्षण का केंद्र होंगे।

# मामूली विवाद में युवक पर चाकू से किया हमला

**उज्जैन। देर रात पाउच लेने आए युवक का शराब पीकर खड़े कुछ युवकों से विवाद हो गया। दुकानदार ने दोनों पक्षों को समझाया। इसी बीच विवाद करने वाले पीछे से उसके घर तक पहुंचे और चाकू से हमला कर दिया। रात में दो अन्य जगह भी चाकूबाजी की घटनाएं हुई।**

वाल्मीकि कॉलोनी में रहने वाला अंशु पिता विमल करोसिया बुधवार गुरुवार रात में घर से कुछ-दूरी पर ही पान की दुकान पर पाउच लेने आया था जहां आंबापुरा का रहने वाला साहिल अपने दो-तीन दोस्तों के साथ खड़ा था। उन्होंने शराब पी रखी थी। दुकान पर पाउच लेने के दौरान अंशु और साहिल के बीच कहासुनी हो गई। पान की दुकानवाले-ने दोनों को समझाया और अलग किया। मामला शांत होने पर अंशु घर लौट गया। तभी पीछे से साहिल और उसके दोस्त अंशु के घर पहुंच गए। जहां अचानक ही अंशु पर चाकू से हमला कर दिया गया। चाकू का एक वार गर्दन, दूसरा हाथ, तीसरा पैर और शरीर-की अन्य जगहों पर लगने से लहूलुहान अंशु जमीन पर गिर गया। आसपास के लोगों ने और परिजनों ने उसे उठाया और अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताकर उपचार के लिए भर्ती किया। चाकूबाजी की खबर मिलते ही माधवनगर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घायल के बयान दर्ज कर साहिल और उसके दोस्तों की तलाश शुरू की गई।

### बहादुरगंज में युवक को मारे चाकू

चाकूबाजी की दूसरी घटना बहादुरगंज क्षेत्र में हुई जहां चाय की दुकान चलाने वाले अमन पिता दीपक डोडिया से क्षेत्र के ही रहने वाले सोनू ने विवाद करते हुए दुकान का काउंटर फेंक दिया और अमन पर चाकू से वार कर दिए। बहादुरगंज चौराहे पर हुई चाकूबाजी से अफरा तफरी मच गई। घायल को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की जानकारी लगते ही कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और उसे रात में ही हिरासत में ले लिया।

### नीलगंगा पर चाकूबाजी में 3 घायल

रात में नीलगंगा क्षेत्र के शिवांजलि गार्डन के सामने हिमांशु पिता दुर्गाप्रसाद, धीरज पिता राजाराम निवासी एकता नगर और मोनू पिता धर्मेन्द्र मिमरोट पंचमपुरा पर कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। तीनों के घायल होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि अंबर कॉलोनी से पाड़ों का जुलूस निकला था। इस दौरान जलता पटाखा फेंकने की बात पर चाकूबाजी में घायल युवकों का कुछ युवकों से विवाद हुआ था। उन्होंने ही तीनों पर हमला किया था। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

# नीलगंगा थाने में एफआईआर लिखा रहे वृद्ध को थाने में आया अटैक

**उज्जैन।** बेटे और भतीजे के बीच हुए विवाद के बाद दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे। जहां बेटे के साथ शिकायत दर्ज करा रहे पिता को दिल का दौरा पड़ गया। जमीन पर गिरते ही बेटा और पुलिसकर्मी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आज सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया है।

धन्नालाल की चाल में रहने वाले रामकिशन पिता रोशनलाल 55 वर्ष का पुत्र हर्ष रात को घर लौट रहा था। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाले रामकिशन का भतीजा आदित्य पटाखे फोड़ रहा था। उसने पटाखा जलाकर फेंका जो बाइक से आ रहे पुत्र के हाथ पर गिरा। जिसके फूटते ही बेटे का हाथ जल गया। उसने पिता को घटना बताई तो रामकिशन भतीजे आदित्य को समझाने पहुंचा। तभी आदित्य ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। रामकिशन ने भी आदित्य के साथ मारपीट की। दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने थाने जा पहुंचे। रात में नीलगंगा क्षेत्र में हुई कुछ घटनाओं को लेकर काफी भीड़ थी। इस दौरान पुलिस ने धन्नालाल की चाल से आए दोनों पक्षों को अलग-अलग कमरों में शिकायत दर्ज कराने भेज दिया। रामकिशन और उसका बेटा पिछले कमरे में सोफे पर बैठकर शिकायत दर्ज करवा रहे थे तभी रामकिशन के सीने में दर्द होने लगा। बेटा और पुलिसकर्मी कुछ समझ पाते उससे पहले वह जमीन पर गिर गया। उसे अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले मे मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। दिल का दौरा पड़ने से रामकिशन की मौत होना सामने आ रहा है।

# अवैध शराब तस्कर के पास से मिली चोरी की बाइक

**उज्जैन।** बिना नम्बर की बाइक पर अवैध शराब लेकर आ रहे युवक की सूचना मिलने पर माकड़ोन पुलिस ने क्षेत्र में नाकाबंदी की। पुलिस को देख एक बाइक सवार ने भागने प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके पास से प्लास्टिक की केन में भरी 10 लीटर जहरीली कच्ची शराब बरामद की गई। थाने लाकर पूछताछ करने पर नाम महेन्द्र पिता भगवानदास साहू निवासी दिग्वाड़ थाना रेहटी जिला सिहोर सामने आया। मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर बाइक संबंधित दस्तावेज मांगे तो चोरी की होना पाई गई। बाइक चोरी के मामले में पता लगाने पर आरोपी ने कबूल किया कि कुछ महीनों पहले साथी रोहित यादव के साथ मिलकर माकड़ोन से चोरी की थी। बाइक चोरी का खुलासा होने पर पुलिस ने न्यायालय में पेश कर 23 अक्टूबर तक रिमांड पर लिया। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि आरोपी महेन्द्र के खिलाफ सिहोर में हत्या और पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। बाइक चोरी में उसका सहयोगी रहा रोहित पिता रामकृष्ण यादव निवासी गोदड़ी थाना टिमरनी जिला हरदा का रहने वाला है उसे पूर्व में चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। जिसकी तलाश के एसआई हुकुमसिंह सोलंकी, लालचंद शर्मा, प्रधान आरक्षक सुदर्शन राठौर, राजेन्द्र सिंह, संतोष पटेल की टीम को रवाना किया गया है। विदित हो कि अवैध मादक पदार्थों का तस्करी दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। गत दिवस घट्टिया पुलिस ने एमडी ड्रग्स के साथ एक युवक को पकड़ा था। इस मामले में भी कार्रवाई जारी है।

### शराब के नशे में फांसी लगाकर की आत्महत्या

उज्जैन। बुधवार रात में 6 बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम सिलोदामोरी में रहने वाले बलराम पिता छोगालाल 55 वर्ष को परिजन रात 11 बजे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। परिजनों ने फांसी लगाना बताया। सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर आज सुबह पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि बलराम शराब पीने का आदी था। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य गमी होने पर ग्राम हरनावदा गए हुए थे। घर पर बेटी काजल और बालाराम थे। बेटी ने पिता को फंदे पर लटका देख आसपास के लोगों को बुलाया और परिजनों को सूचना दी।

### महावीरनाथ ने गर्भगृह की पवित्रता को भंग किया

उज्जैन। हमारे धर्म शास्त्रों में मंदिर के गर्भगृह की बड़ी महिमा है जिसमें शास्त्रीय व्यवहार और पूजन दर्शन का महत्व है। शास्त्रों में मंदिर के पुजारी को भगवान का पार्षद बताया गया हैं जिससे आशीर्वाद की कामना की जाती हैं जिनका सम्मान सभी करते हैं, इसके विपरीत आचरण धर्म शास्त्र के विरुद्ध ओर निंदनीय हैं। विद्वत परिषद के प्रमुख आशीष अग्निहोत्री ने कहा कि विद्वत परिषद को ज्ञात हुआ कि एक तथाकथित संत महावीरनाथ द्वारा महाकाल मंदिर के नियमों को तोड़ते हुए गर्भगृह में अवैध तरीके से घुसकर अमर्यादित आचरण, गाली गलौज, धक्का मुक्की और दुर्व्यवहार, मंदिर के वरिष्ठ पुजारी के साथ किया गया। जिसका विद्वत परिषद कड़े शब्दों में निंदा करती हैं, जहां गर्भगृह में मंत्रों की गूंज होना चाहिए थी वहां गालियों ओर अपशब्दों से गर्भगृह की पवित्रता को भंग किया गया। हमारे धर्म शास्त्रों में संतो को निर्मल मन और शांत स्वभाव का बताया हैं और जिनका मन निर्मल ओर शांत नहीं सकता वो संत नहीं हो सकते। महावीरनाथ द्वारा जो दुर्व्यवहार किया गया वह संत की श्रेणी में नहीं आता और यह किसी भी पद महामंडलेश्वर या आचार्य नहीं है जिसे महाकाल गर्भगृह में प्रवेश दिया जा रहा हैं इसकी जांच होनी चाहिए।

# महाकाल की 27 अक्टूबर को सवारी में पहली बार निकलेगा बैंड

**उज्जैन।** महाकाल की कार्तिक मास में पहली सवारी में 27 अक्टूबर को निकलेगी जिसमें पहली बार मंदिर का खुद का बैंड भी शामिल होगा।

शाम 4 बजे सभामंडप में पूजन के बाद सवारी शुरू होगी। समिति के इस बैंड में 30 सदस्य है। जिसका मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिवाली पर शुभारंभ किया था। इसमें विभिन्न वाद्य यंत्रों का समावेश किया है। समिति के सहायक प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया सवारी में पारंपरिक रूप से पुलिस बैंड, घुड़सवार दल, सशस्त्र पुलिस बल और भजन मंडलियां पूर्व की तरह ही शामिल रहेंगे। इधर साल 2024 में मिस इंडिया बनी निकिता पोरवाल गुरुवार तड़के महाकाल मंदिर पहुंची व भस्म आरती में शामिल हुई। वे एक बार फिर अगले वर्ष 2026 में होने वाली मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही है। इसके लिए उन्होंने



बाबा से आशीर्वाद लिया। निकिता उज्जैन की ही रहने वाली है। मलूक पीठाधीश्वर परम पूज्य श्री राजेंद्र दास जी महाराज ने गुरुवार को उज्जैन प्रवास के दौरान महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से महाराज का सम्मान किया गया।

**संतों की चेतावनी** शांतिपूर्ण धरने के चेतावनी, योगी आदित्यनाथ और बालक नाथ ने भी लिया संज्ञान

# 24 घंटे में पुजारी प्रतिनिधि पर कार्रवाई नहीं तो साधु महाकाल मंदिर में धुनी रमाएंगे

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। महाकाल मंदिर में गर्भगृह में दर्शन के दौरान उज्जैन के ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत महावीर नाथ महाराज से विवाद करने वाले महाकाल मंदिर के पुजारी प्रतिनिधि महेश शर्मा पर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो सैकड़ों साधु-संत, महंत एवं महामंडलेश्वर महाकाल मंदिर में एकत्रित होकर धुनी रमाएंगे तथा शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराएंगे।**

ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत महावीर नाथ ने कहा कि इस पूरे मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं राजस्थान के तिजारा से विधायक संत बालकनाथ जी महाराज ने भी उज्जैन स्थित नाथ संप्रदाय के मुख्य स्थल भर्तृहरि गुफा के गादीपति योगी पीर महंत रामनाथ जी महाराज से चर्चा कर संज्ञान लिया है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम पर नाराजगी जताते हुए कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए। चूंकि महंत महावीर नाथ भी महाराज भी नाथ संप्रदाय से हैं, इसलिए संप्रदाय के शीर्ष संतों ने मप्र के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से भी जानकारी प्राप्त की है।




### साधु-संतों ने उज्जैन स्थित मुख्यमंत्री के कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपा




नाथ संप्रदाय सहित शहर के कई साधु-संतों ने गुरुवार को उज्जैन में दशहरा मैदान के समीप स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में जाकर महाकाल के पुजारी प्रतिनिधि महेश शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। महंत महावीर नाथ जी महाराज ने महाकाल मंदिर के गर्भगृह में पगड़ी पहनकर जाने पर प्रतिबंध पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा नाथ संप्रदाय के संत-महंत पगड़ी नहीं पहनते हैं। उनकी बड़ी लंबी जटाए होती है जिन्हें छोटे दुपट्टे से बांधा जाता है। महंत ने यह भी कहा कि मंदिर के गर्भगृह में किसे प्रवेश देना है किसे नहीं इसका अधिकार कलेक्टर के पास है। पुजारी प्रतिनिधि या अन्य किसी को भी इस संबध में पूछताछ करने का अधिकार नहीं है।

### पुजारियान समिति-सीएम कार्यालय पहुंचे

महाकाल मंदिर के पुजारी प्रतिनिधि महेश शर्मा ने पुजारियान समिति के माध्यम से महंत महावीर नाथ पर मंदिर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसे लेकर पुजारी प्रतिनिधि सहित कई लोग गुरुवार को उज्जैन स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय भी पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। पुजारियों ने आरोप लगाया कि महंत ने मंदिर के पुजारी को धक्का देकर गिराया, मंदिर की मर्यादा भंग की और अशोभनीय व्यवहार किया। पुजारियान समिति ने ज्ञापन में कहा कि महंत महावीर नाथ ने गर्भगृह और नंदी हाल में नियमों और मर्यादाओं का उल्लंघन किया। पुजारी प्रतिनिधि शर्मा ने आरोप लगाया कि महावीर नाथ ने दो-तीन लोगों के साथ बिना अनुमति के गर्भगृह में प्रवेश किया।